1	2	3
23	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	02
24	चंडीगढ़	01
25	दादर तथा नगर हवेली	01
26	दमन और दीव	02
27	दिल्ली	02
28	लक्ष द्वीप	01
29	पांडिचेरी	04
30	असम	04
	जोड़।	339

सरकार द्वारा नालन्दा नव विहार संस्थान को अपने अधीन लिया जाना

4110. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने बिहार स्थित नालन्दा नव विहार संस्थान को अपने अधीन ले लिया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संस्थान को कब अपने अधीन लिया है और इस संस्थान के संबंध में ब्यौरा क्या है तथा इस संस्थान द्वारा क्या-क्या कार्य किए जाते हैं; और

(ग) इस संस्थान को अपने अधीन लेने के पीछे सरकार का मुख्य प्रयोजन क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, हां ।

(ख) केन्द्र सरकार ने नव नालन्दा महाविहार को 25 फरवरी, 1994 को अपने अधीन लिया था और यह पाली भाषा तथा साहित्य एवं बौद्ध-शास्त्र में स्नातकोत्तर अध्ययन तथा शोध-कार्य में लगा हुआ है ।

(ग) इसका मुख्य प्रयोजन संस्थान के समुचित सर्वांगीण विकास को सुकर बनाना है ।

कलकत्ता स्थित नेशनल लाइब्रेरी का बंद रहना

4111. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेशनल लाइब्रेरी, कलकत्ता हाल ही में किन्हीं कारणों से कई दिन तक बंद रही थी, और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे और स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

विदिशा स्थित विजय मंदिर में उत्खनन कार्य

4112. **श्री राघव जी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने विदिशा (मध्य प्रदेश) स्थित विजय मंदिर में उत्खनन का कार्य प्रारंभ कर दिया है; यदि हां तो कब;

(ख) क्या यह सच है कि उक्त उत्खनन कार्य बंद कर दिया गया है ; यदि हां, तो कब से और उसके क्या कारण हैं;

(ग) इस उत्खनन कार्य से क्या निष्कर्ष निकाले गए हैं ; और

(घ) सरकार इस क्षेत्र के विकास और संरक्षण के लिए क्या कदम उठाने जा रही है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा विजय मंडल, विदिशा (म० प्र०) में कोई उत्खनन-कार्य नहीं किया गया है । तथापि, सफाई और संरक्षण कार्य के दौरान कुछ शिल्पकला और वास्तुकला संबंधी चीजें पाई गई हैं, जो 10 वीं-11 वीं शताब्दी की हैं ।

(घ) जिला विदिशा (म० प्र०) में विजय मंडल का पहले से ही सरकार द्वारा संरक्षण किया जा चुका है । संरक्षण के दौरान पाई गई वास्तुकला और इमारती ढाँचे संबंधी चीजें समुचित रूप से परिरक्षित हैं ।

Posting of TGT in KVS Rangpuri, Delhi

4113. SHRI NARAIN PRASAD GUPTA : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 3436 given in the Rajya Sabha on the 18th March, 1994 and state :

(a) what are the details of Primary-level Kendriya Vidyalayas where Trained Graduate Teachers have been posted during the preceding and current academic sessions alongwith details of administrative exigency that warranted such posting in each of such cases ; and

(b) what is the administrative exigency that warranted posting of a TGT in Kendriya Vidyalaya, Rangpuri, Delhi?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF